हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 29 सितम्बर 2025, समय 1305 (05 मिनट)

हरियाणा राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग की तरफ से कल हरियाणा में चार डिजिटल परियोजनाओं का शुभारंभ किया।

कुरुक्षेत्र के बाबैन तहसील में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सीमांकन पोर्टल , व्हाट्सएप चैट बोट और राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली का विमोचन किया। इसके साथ ही राजस्व विभाग की एक पुस्तिका का विमोचन भी किया गया जिसमें चारों योजनाओं से संबंधित जानकारी रहेगी।

इन परियोजनाओं का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए पेपर रहित रजिस्ट्री प्रणाली, पेपर रहित निशानदेही, व्हाट्सएप चैटबोट और राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली की शुरुआत की गई है।

****************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा को विकास के मार्ग पर अग्रणी बनाने में श्रमिकों का योगदान अतुलनीय है। उनके बल पर ही प्रदेश आज देश में सबसे तेजी से प्रगति करने वाला राज्य बन गया है और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में भी श्रमिकों की अहम भूमिका रहेगी।

मुख्यमंत्री कल गुरुग्राम में आयोजित राज्य स्तरीय श्रमिक सम्मान एवं जागरूकता समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह की अध्यक्षता हरियाणा के श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने की।

उन्होंने श्रमिकों के कल्याण और उत्थान के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों के श्रमिकों की भलाई, सुरक्षा और खुशहाली के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह और हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह भी मौजूद रहे।

इस मौके पर श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया।

*********************************************************************

पलवल जिले में पराली व फसल अवशेष जलाने की घटनाओं को शून्य करने के लिए जिला स्तरीय, खंड स्तरीय, उपमंडल स्तरीय व ग्राम स्तरीय टीम का गठन किया गया है। ग्राम स्तरीय टीमें जिले में गांव-गांव जाकर किसानों को पराली न जलाने के लिए जागरूक व प्रेरित कर रही हैं।

सहायक कृषि तकनीकी प्रबंधक अतुल कुमार शर्मा ने बताया –

उन्होंने कहा कि कि यदि कोई किसान पराली जलायेगा तो उस पर दो एकड़ तक 5 हजार, 5 एकड़ तक 15 हजार व उससे ऊपर 30 हजार रुपये तक जुर्माना लगेगा ।

*******************************************************************

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जीएसटी की दरों को घटाकर ऐतिहासिक फैसला लिया गया है। इसका सबसे ज्यादा फायदा देश के गरीब एवं मध्यम वर्ग को हो रहा है।

श्री कृष्ण लाल पंवार पानीपत में पत्रकार वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि इस बदलाव से एक ओर जहां रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों में कमी हुई है वहीं दूसरी ओर छोटे उपकरण व वाहनों की कीमत भी कम हुई है। जिन लोगों ने वाहन बुक किए थे, अब उन्हें वही वाहन कम कीमत पर मिल रहे हैं। लोग प्रधानमंत्री का आभार जता रहे हैं।

*******************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज गुरुग्राम में जापान की प्रमुख कंपनियों के साथ एक विशेष बैठक में हरियाणा में अधिकाधिक निवेश करने का आह्वान किया। इस दौरान भवन निर्माण एंव ध्वस्त गतिविधियों से उत्पन्न मलबे के प्रबंधन के लिए होंडा कंपनी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

इस समझौते के तहत संयत्र की स्थापना के लिए जमीन व मलबा सरकार उपलब्ध कराएगी। होंडा कंपनी मलबे से टायल बनायेगी।

हरियाणा में जापानी कंपनियों का एक अलग से कलस्टर स्थापित करने पर विचार-विमर्श करते हुए मुख्यमंत्री ने नारायणगढ़ में कलस्टर स्थापना का निमंत्रण दिया।

मानेसर में पानी की बेहतरीन सुविधा पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए डीपीआर तैयार है और अति शीघ्र टेंडर कराकर काम की शुरुआत कर दी जाएगी। उन्होंने औद्योगिक इकाइयों के रसायनयुक्त पानी के उचित निस्तारण और इसके लिए नवीनतम तकनीकों को अपनाने पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने औद्योगिक इकाइयों द्वारा छोड़े गये पानी के पुन: उपयोग पर जोर देते हुए बताया कि इसके लिए हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं संरचना विकास निगम के माध्यम से योजना तैयार की गई है। पहले चरण में करीब 78 करोड़ की लागत से मानेसर में यह व्यवस्था की जाएगी, जिससे औद्योगिक इकाइयां अपने छोड़े पानी का पुन: उपयोग कर सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक अग्निशमन सेवा की व्यवस्था भी करवाई जा रही है। शुरुआती चरण में गुरुग्राम, फरीदाबाद व सोनीपत में इनकी व्यवस्था की जाएगी।

*********************************************************************